जौलीग्रांट एयरपोर्ट से इकोनामी क्लास से दिल्ली के लिए रवाना होते हुए सीएम।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### मुख्यमंत्री धामी ने गायक पवनदीप राजन ने शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में गायक पवनदीप राजन ने शिष्टाचार भेंट की।

### भारत में पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन सम्भव

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और मानस कथाकार श्री मुरलीधर जी के पावन सान्निध्य में 'गंगा सस्टैनबिलिटी रन' अन्तर्राष्ट्रीय मैराथन के आयोजन के लिये विशेष चर्चा हुई। 'गंगा सस्टैनबिलिटी रन' की सफलता के लिये आज विश्व ग्लोब का जलाभिषेक कर विश्व शान्ति की प्रार्थना की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि माँ गंगा भारत की पहचान है। माँ गंगा ने पृथ्वी पर रहने वाले प्राणियों को जन्म तो नहीं दिया परन्तु जीवन और जीविका के साधन अवश्य प्रदान किये है। साथ ही माँ गंगा युगों से मानवीय चेतना का संचार कर रही है।

### महिला हस्तशिल्प कारीगरों को मिलेगा आर्टिजन कार्ड

**संवाददाता** देहरादून। तेजस्वनी चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 23 मई सोमवार को रेसकोर्स में महिला कारीगरों के लिए आर्टिजन कार्ड कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए तेजस्विनी चौरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया गुलाटी ने बताया कि तेजस्विनी द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं इसी क्रम में यह आर्टिजन कार्ड कैंप का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त कार्यालय उत्तराखंड के सहयोग से किया जा रहा है।

### जेके टायर का राजस्व 31 प्रतिशत बढ़ा

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख कंपनी, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए अपने ऑडिट किए गए परिणामों की घोषणा की। बोर्ड ने 75 प्रतिशत की दर से लाभांश की सिफारिश की है (1.50 रुपये प्रति शेयर जिसका अंकित मूल्य 2 रुपये प्रत्येक है) परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. रघुपति सिंघानिया, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ने कहा, "जेके टायर ने वित्त वर्ष 2022 में अब तक का सबसे अधिक 12,000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया।

# 32 घंटे बाद यमुनोत्री हाईवे बड़े वाहनों के लिए खुला



**राहत**

■ तीर्थयात्रियों के साथ ही प्रशासन ने ली राहत की सांस

■ यमुनोत्री धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के साथ पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली

**संवाददाता**

देहरादून। 32 घंटे के बाद आखिरकार यमुनोत्री हाईवे स्याना चट्टी रानाचटटी के बीच बड़े वाहनों के लिए खोला दिया गया। यमुनोत्री हाईवे शुक्रवार सुबह सात बजे से बड़े वाहनों के लिए बंद हो गया था। शनिवार चार बजे हाईवे पर बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई। हाईवे पर आवाजाही के बाद यमुनोत्री धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं के साथ पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।



यमुनोत्री हाईवे पर तीन दिनों तक बड़े वाहनों की आवाजाही बंद की गई। बीते बुधवार को रानाचट्टी के पास भूधंसाव से हाईवे की सुरक्षा दीवार धंस गई थी। किसी तरह इसे आवाजाही लायक बनाया गया, लेकिन हाईवे के फिर धंसने से बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है।

शनिवार को यहां 2500 से अधिक श्रद्धालुओं के फंसे थे। जानकीचट्टी में फंसे लगभग 200 छोटे–बड़े वाहन निकाले गए। इस दौरान यमुनोत्री धाम के प्रमुख पड़ाव जानकीचट्टी में फंसे यात्रियों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि हमें पूछा नहीं जा रहा है और न ही हमें यहां से अन्य जगह के लिए निकाला जा रहा है।

तीर्थयात्रियों के आक्रोशित होने की सूचना मिलने पर यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल स्याना चट्टी रानाचटटी के बीच बंद वाले स्थान पर पहुंचे और अधिकारियों को जल्द हाईवे सुचारू करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं को थोड़ा इंतजार करने की अपील की है। यमुनोत्री धाम से करीब 18 किमी पहले स्यानाचट्टी और रानाचट्टी के बीच यमुनोत्री हाईवे की दीवार धंस गई थी। इससे हाईवे का करीब 15 मीटर हिस्सा धंस गया था। शुक्रवार सुबह इस हिस्से में बस ने निकलने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद प्रशासन ने अगले तीन दिनों के लिए बड़े वाहनों की आवाजाही रोक दी है। शनिवार सुबह से प्रशासन जानकीचट्टी में फंसे वाहनों को निकालने में जुटा रहा।

एसडीएम शालिनी नेगी ने बताया कि भूधंसाव के चलते हाईवे संकरा हो गया है। जिससे यातायात सुचारू करने काफी मुश्किल हुई। एसडीएम बड़कोट शालिनी नेगी ने बताया कि जानकीचट्टी में फंसे बड़े वाहनों को निकालने का प्रयास सुबह से जारी था। एनएच चट्टान कटिंग में लगी रही। यात्रियों को रहने व खाने की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने शुक्रवार को सभी यात्री वाहनों को बड़कोट, खरादी, कुथनौर, गंगनानी, स्यानाचट्टी आदि स्थानों पर रोक दिया। हाईवे पर फंसे यात्रियों की मदद के लिए प्रशासन के साथ ही संस्थाएं भी आगे आई हैं। डामटा से लेकर स्यानाचट्टी तक राजस्व व जिला पूर्ति विभाग ने यात्रियों को भोजन कराया। साथ ही बिस्कुट व पानी भी दिया। कई स्थानों पर एसडीएम भी यात्रियों को पानी बांटती नजर आईं।

दूसरी ओर हाईवे बंद होने के चलते दिक्कतों के कारण तीर्थयात्रियों में आक्रोश रहा। उन्होंने सड़क किनारे बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कड़ी मशक्कत के बाद 32 घंटे बाद यमुनोत्री हाईवे स्याना चट्टी रानाचटटी के बीच बड़े वाहनों के लिए खोला गया।

# उपन्यास से मानव जीवन के पहलुओं को दर्शाना सराहनीय

**विमोचन**

■ सीएम ने पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित उपन्यास का किया विमोचन

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित उपन्यास "भंवर एक प्रेम कहानी" का विमोचन किया। अनिल रतूड़ी द्वारा लिखित 350 पृष्ठों का यह उपन्यास विनसर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने उपन्यास के लेखक अनिल रतूड़ी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एक वर्दीधारी अधिकारी जब एक प्रेम कथा लिखते हैं, तो इससे अनुमान लगाया जा सकता है की इनके हृदय में किस तरह के भाव होंगे। इस उपन्यास में उन्होंने अपने जीवन में घटित सभी संस्मरणों एवं अनुभूतियों का वर्णन किया है। अपने कार्यों के साथ उन्होंने जिस तरह अपनी साहित्यिक अनुभूतियों को बचा कर रखा वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा की इस उपन्यास के माध्यम से मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने का सराहनीय प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य तब ज्यादा अच्छा होता है, जब हम उस कार्य को करने के लिए स्वतंत्र हों। कार्य की स्वतंत्रता के लिए जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति सुविधा का दास न बने। मुख्यमंत्री ने "भंवर एक प्रेम कहानी" उपन्यास के कुछ मुख्य अंशों का जिक्र भी किया।

पूर्व मुख्य सचिव नृप सिंह नपलच्याल, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. सुधा रानी पांडे एवं श्री ललित मोहन रयाल ने उपन्यास " भंवर एक प्रेम कहानी" की विस्तार से समीक्षा की। "भंवर एक प्रेम कहानी" उपन्यास के विमोचन के अवसर पर साहित्यकार एवं कवि पद्मश्री लीलाधर जगूड़ी, उपन्यास के लेखक अनिल रतूड़ी, मुख्य सचिव डॉ. एस. एस संधू, पूर्व मुख्य सचिव एस रामास्वामी, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, साहित्यकार डॉ. राम विनय सिंह मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री धामी ने फ्लाइट में इकोनामी क्लास में किया सफर

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज से दो दिनी दौरे पर दिल्ली किए रवाना हुए। वह देहरादून स्थित जौलीग्रांट एयरपोर्ट से फ्लाइट में इकोनामी क्लास से दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान चारधाम यात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों ने फ्लाइट में सीएम धामी से अपने अनुभव साझा किए। शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आम यात्रियों की तरह हवाई जहाज में बैठने के लिए लाइन पर लगे। इस दौरान चारधाम यात्रा कर लौटे तीर्थयात्रियों ने फ्लाइट के दौरान मुख्यमंत्री धामी से अपने संस्मरण एवं अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार से दो दिनी दौरे पर दिल्ली गए। इस दौरान वह कुछ निर्धारित कार्यक्रमों के अलावा केंद्रीय मंत्रियों एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से मुलाकात कर सकते हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।